Regional Office
**Rajasthan State Pollution Control Board**
Shiv Singhpura Housing Board, Nawalgarh Road, Sikar- 332001
rorpcb.sikar@gmail.cEom
**REGISTERED POST/E-MAIL**

International Year of Cooperatives 2025

**RPCB/RO-Sikar/SKR-PH-56/** 1267 -1277 **Date: 09.07.2026**

**Member Secretary,**
**State Level Environment Impact Assessment Authority(SEIAA),**
**10, Bhawani Singh Lane, Bhawani Singh Road, Sahakar Marg, Near ETC,**
**Jaipur (Raj.)**

Sub.:- Regarding Public hearing for Environmental Clearance for "Masonary Stone Mining Project, Plot No. 50, Lease area- 2.6200 hectare, with the proposed production capacity of 255300 TPA (ROM) located at Khasra No. 1137/302 near village- Mokalwas, Tehsil- Neem Ka Thana, District- Sikar, Proposed Cluster Area- 29.29706 hectare, applied by M/s Smt. Usha Basna, Village – Mokalwas, Tehsil- Neem Ka Thana, District- Sikar (Raj)".

Ref.:- 1. ToR issued by SEAC, Jaipur by File no. RJ/25/SEAC2(06)/MIN/ToR/1038 Dated 26.12.2025.
2. कार्यालय जिला कलक्टर, सीकर के पत्र क्रमांक राजस्व/2026/1495 दिनांक 20.04.2026।
3. Public hearing for Environmental Clearance dated 12.06.2026.

Sir,

In continuation to the letter referred above, it is submitted that Public Hearing for the proposed project of "Masonary Stone Mining Project, Plot No. 50, Lease area- 2.6200 hectare, with the proposed production capacity of 255300 TPA (ROM) located at Khasra No. 1137/302 near village- Mokalwas, Tehsil- Neem Ka Thana, District- Sikar, Proposed Cluster Area- 29.29706 hectare, applied by M/s Smt. Usha Basna, Village – Mokalwas, Tehsil- Neem Ka Thana, District- Sikar (Raj)" was conducted on 12.06.2026. Minutes of the Public Hearing, Attendance Sheet, Suggestions/Objections received, Video CD, Photographs and News Paper cuttings are enclosed herewith for further necessary action, please.

Yours sincerely,

Savita
(Savita)
Regional Officer
o/c

Copy to following for information & necessary action:-

1. The Member Secretary, Rajasthan State Pollution Control Board, Jaipur.
2. The District Collector, Sikar.
3. Additional District Magistrate, Neem Ka Thana, District Sikar
4. Sub Divisional Magistrate, Neem Ka Thana, District Sikar.
5. CEO, Jila Parishad Sikar.
6. District Industrial Center, Sikar.
7. BDO, Gram Panchayat, Mokalwas, Tehsil – Neem Ka Thana, District- Sikar.
8. Tehsildar Office, Neem Ka Thana, District Sikar.
9. Rajiv Gandhi Seva Kendra, Mokalwas, Tehsil- Neem Ka Thana, District- Sikar
10. Analyst Cum Programmer, RPCB, Jaipur to display Public Hearing Minutes on website of the State Board.

Savita
Regional Officer
o/c

# जन सुनवाई कार्यवाही विवरण

मैसर्स उषा बासना, प्लॉट नम्बर 50 की खनन परियोजना का प्रस्तावित क्षेत्रफल 2.6200 हेक्टेयर, उत्पादन क्षमता 255300 टन प्रति वर्ष (रोम) खसरा नम्बर 1137/302 निकट ग्राम मोकलवास तहसील – नीमकाथाना जिला सीकर (राजस्थान) में मेसनरी स्टोन की प्रस्तावित खनन परियोजना के लिए पर्यावरणीय स्वीकृति हेतु लोक सुनवाई की दिनांक 12.06.2026 कार्यालय जिला कलक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट, सीकर के पत्र क्रमांक 1495 दिनांक 20.04.2026 के द्वारा निर्धारित की गई जिसकी अनुपालना में उक्त समूह खनन परियोजना की पर्यावरणीय स्वीकृति के लिए अतिरिक्त जिला कलेक्टर, नीमकाथाना जिला सीकर की अध्यक्षता में दिनांक 12.06.2026 (शुक्रवार) को सांय 04:00 बजे, स्थान– राजीव गांधी सेवा केन्द्र, मोकलवास, तहसील नीमकाथाना एवं जिला सीकर (राजस्थान) में आयोजित जन सुनवाई की कार्यवाही **(Minutes)** का विवरण–

वन एवं पर्यावरण मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा जारी पर्यावरणीय प्रभाव आंकलन अधिसुचना दिनांक 14.09.2006 के अनुसरण में कार्यालय जिला कलेक्टर, सीकर के पत्र क्रमांक राजस्व/2026/1495 दिनांक 20.04.2026 एवं क्षेत्रीय कार्यालय, राजस्थान प्रदूषण नियंत्रण मण्डल, सीकर के पत्र क्रमांक राप्रनिम/आरओ–सीकर/एसआईके– पीएच–056/190–200 दिनांक 23.04.2026 के अनुपालना में मैसर्स उषा बासना, प्लॉट नम्बर 50 की खनन परियोजना का प्रस्तावित क्षेत्रफल 2.6200 हेक्टेयर, उत्पादन क्षमता 255300 टन प्रति वर्ष (रोम) खसरा नम्बर 1137/302 निकट ग्राम मोकलवास तहसील – नीमकाथाना जिला सीकर (राजस्थान) की अध्यक्षता में खनन से सम्बन्धित जन सुनवाई दिनांक 12.06.2026 को आयोजित की गई।

सुनवाई में उपस्थित सभी व्यक्तियो का विवरण मय हस्ताक्षर **परिशिष्ट संख्या 01 पर संलग्न है।** जन सुनवाई की आम सूचना समाचार पत्र **दी इण्डियन एक्सप्रेस** के संस्करण में दिनांक 06.05.2026 एवं **राष्ट्रदूत** के संस्करण में दिनांक 06.05.2026 को प्रकाशित की गई थी जिसकी प्रति **परिशिष्ट संख्या 02 पर संलग्न है।**

Regional Officer
Rajasthan State Pollution Control Board

अति॰ जिला कलक्टर, नीमकाथाना

जन सुनवाई के प्रारम्भ मे राजस्थान राज्य प्रदुषण नियंत्रण मण्डल के क्षेत्रीय अधिकारी श्रीमती सविता ने सभी आंगतुको का स्वागत किया। तत्पश्चात् श्रीमान् भागीरथ शाख, अतिरिक्त जिला कलक्टर, नीमकाथाना की अनुमति से जन सुनवाई प्रारम्भ की गई।

श्रीमती सविता, क्षेत्रीय अधिकारी, राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मण्डल, सीकर ने जन सुनवाई के प्रावधान, उद्देश्य एवं महत्व तथा प्रस्तावित परियोजना के बारे में जानकारी दी एवं परियोजना के बारे में विस्तृत जानकारी देने हेतु पर्यावरणीय सलाहकार को जनसुनवाई के दौरान उपस्थित अधिकारियों एवं ग्रामवासियों/व्यक्तियों को प्रस्तावित खनन परियोजना के बारे में विस्तार से अवगत कराने बाबत आमंत्रित किया।

परियोजना प्रबंधक की ओर से खनन परियोजना के पर्यावरणीय सलाहकार मैसर्स फलग्रो इन्वायरोमेन्टल एण्ड इंजीनियरिंग सर्विसेज प्राईवेट लिमिटेड, जयपुर की तकनीकी सलाहकार सुश्री प्रीति यादव के माध्यम से जन सुनवाई के दौरान उपस्थित अधिकारियों एवं ग्रामवासियों/जनसमुह को विस्तृत जानकारी दी। खनन मय क्लस्टर की प्रस्तावित परियोजना की मुख्य विशेषताएं, कुल उत्पादन क्षमता, खनन योग्य खनिज भण्डार, खनन विधि, खान की आयु, अध्ययन क्षेत्र का विवरण, टोपोग्राफी, खनन से होने वाले संभावित पर्यावरणीय प्रभाव और न्यूनीकरण उपाय, पर्यावरण संरक्षण के उपाय, पर्यावरण प्रबंधन के साथ हरित पट्टी का विकास, व्यवसयिक स्वास्थ्य एवं सुरक्षा श्रमिक कल्याण हेतु प्रस्तावित कार्य एवं कोर्पोरेट सामाजिक जिम्मेदारी (सी.एस.आर.) के सम्बन्ध में भी जानकारी दी गई तथा ग्रामीण पंचायत से परामर्श कर उचित व्यवस्थाए की जायेगी।

क्षेत्रीय अधिकारी द्वारा गांव वालों को खान से कोई आपत्ति के बारे में पुछा तथा बताया की अगर कोई समस्या हो तो आप लिखित में भी अपना सुझाव दे सकते है।

तत्पश्चात् जनसुनवाई में उपस्थित लोगों को अपने विचार/आपत्ति/सुझाव प्रकट किये गये जो कि निम्नानुसार है :–

1. श्री सत्यपाल सिंह, निवासी झारिण्डा ने बताया कि जो यहां पर शर्तें बतायी जा रही है वो पूरी नहीं की जाती है। पूर्व में क्रेशर एवं माईन यहां पर चल रहे है उनके द्वारा शर्तों की पालना नही की जा रही है आप मौके पर चलकर देख सकते है। मेरें पिता जी को इन क्रेशरों से उड़ने वाली धूल के कारण स्कीन खराब हो गई है, गाये मर रही है। पूर्व में भी हमारे द्वारा सरपंच जी को भी प्रस्ताव दिये गये है।
2. श्रीमान गुमान सिंह तंवर, निवासी झारिण्डा ने बताया कि जब भी जन सुनवाई हों उससे पहले 02–03 दिवस पहले बताया जाये। इस जन सुनवाई के बारे में 02 प्रतिशत लोग भी नहीं जानते है। जन सुनवाई में पूरे गांव से पुछा जाये कि क्या

समस्याऐं है। हमें शुद्ध हवां, पानी का हक है। पहले से जो माईन यहां पर चल रही है। उनके रास्ते वन विभाग में से है।

3. श्री सुमेर सिंह मीणा, निवासी झारिण्डा ने बताया कि वर्ष 2022 में हमने शमशान घाट के लिए जमीन मांगी गई वो नहीं मिली एवं उसके बाद सरकार द्वारा निलामी में खनन पट्टा आवंटित कर दिया गया। जन सुनवाई से सम्बन्धित सूचना गांव में आने वाले समाचार पत्र में ही प्रकाशित किये जाये। 200 वर्ष पूराना यह ग्राम है एवं 100 वर्ष पूराना मन्दिर है यहां पर। इस खनन परियोजना के सम्बन्ध में सरपंच से एनओसी नहीं ली गई। आप देखे कि यहां कितने बांध, गौशाला, मन्दिर आदि है।
4. श्री जितेन्द्र मीणा ने बताया कि इकाई प्रतिनिधि द्वारा खनन परियोजना के बारे में विस्तृत जानकारी में बताया कि 10 किलोमीटर में कोई भी वन्य अभ्यारण नहीं है जबकि बालेश्वर अभ्यारण लगभग 02 किलोमीटर की दूरी पर स्थित है।

इसें पश्चात् अतिरिक्त जिला कलेक्टर महोदय ने सभी ग्रामवासियों को संबोधित करते हुए कहा कि आपके लोगों के द्वारा बतायी गई समस्या वास्तिविक है। डवल्पमेन्ट अच्छा है परन्तु ग्रामवासियों की स्वास्थ्य, सुविधा की कीमत पर नहीं। अभी हाल ही में यहां पर खनन क्षेत्र में हादसा हुआ जिसमें 04–05 लोग दब गये क्योकि उनके पास में कोई सुरक्षा उपकरण उपलब्ध नहीं थे यहां जो शर्तें बतायी जा रही है। उनकी पालना होनी चाहिए। अधिक से अधिक वृक्षारोपण हों एवं मजदूरों के लिए सुरक्षा उपकरण होने चाहिए। स्थानीय लोगों की सुविधा, असुविधा का ध्यान खनन प्रट्टाधारी द्वारा रखा जाना चाहिए। पानी का छिड़काव करें, सड़क का ध्यान रखा जायें। यह पर्यावरणीय जन सुनवाई प्रस्तावित खनन परियोजना के सम्बन्ध में क्षेत्रीय अधिकारी, राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मण्डल एवं जिला प्रशासन के द्वारा की जाती है। जहां पर लोगों के विचार/सुझाव/आपत्ति दें सकें तथा उनको क्या समस्याऐं है उसकी रिपोर्ट बनाकर अग्रीम स्तर पर भेज दी जाती है। हम कोई एनओसी देने वाली ऑथोरिटी नही है। खनन पट्टाधारी द्वारा बताया गया कि खनन कार्य प्रारम्भ होने पर ग्रामवासियों का परेशानी नहीं हो इसका ध्यान रखा जायेगा तथा गांव के विकास के लिए काम करेगें, अधिकाधिक वृक्षारोपण, राजकीय विद्यालय में जैसे पानी की सुविधा, कम्प्यूटर आदि का ध्यान रखा जायेगा। ब्लास्टिंग नियमों के अनुसार ही की जायेगा। मैं आश्वासन देता हूं कि हमारे द्वारा ग्रामवासियों को कोई समस्या नहीं होगी।

सभी ग्रामवासियों से आग्रह किया कि यदि उन्हें इस परियोजना से किसी प्रकार की कोई सुझाव/आपत्ति हो तो मौखिक व लिखित में प्रस्तुत कर सकते हैं। जनसुनवाई के दौरान इस खनन परियोजना से सम्बन्धित लिखित में कोई सुझाव/आपत्तियां प्राप्त नहीं हुई है।

Regional Officer
Rajasthan State Pollution Control Board
SIKAR

अति. जिला कलक्टर, नीमकाथाना

अंत में अतिरिक्त जिला कलेक्टर, नीमकाथाना की अनुमति से श्रीमती सविता, क्षेत्रीय कार्यालय, राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मण्डल, सीकर द्वारा उपस्थित ग्रामवासियों/ जनसमूह को शांति एवं संयम पूर्वक अपनी बात कहने, जन सुनवाई में भाग लेने हेतु हार्दिक आभार व्यक्त करते हुए जन सुनवाई समाप्ति की घोषणा की गई।

जन सुनवाई की विडियो रिकॉर्डिंग व सी.डी. संलग्न है।

**संलग्नः—उपरोक्तानुसार।**

(सविता)
क्षेत्रीय अधिकारी,
राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मण्डल, सीकर

Regional Officer
Rajasthan State Pollution Control Board
Shivsingh pura Housing Board ,SIKAR -332001

**(भागीरथ शाख)**
अतिरिक्त जिला कलक्टर,
नीमकाथाना जिला सीकर

(भागीरथ शाख)
अतिरिक्त जिला कलक्टर
एवं अति. जिला मजिस्ट्रेट
नीम का थाना (राज.)

पर्यावरणीय स्वीकृति हेतु लोक सनुवाई

उपस्थिति पत्रक

मैसर्स उषा बासना, प्लॉट नम्बर 50 की खनन परियोजना का प्रस्तावित क्षेत्रफल 2.6200 हेक्टेयर, उत्पादन क्षमता 255300 टन प्रति वर्ष (रोम) खसरा नम्बर 1137/302 निकट ग्राम मोकलवास तहसील – नीमकाथाना जिला सीकर में मेसनरी स्टोन की प्रस्तावित खनन परियोजना के लिए पर्यावरणीय स्वीकृति हेतु लोक सुनवाई की दिनांक 12.06.2026 कार्यालय जिला कलक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट, सीकर के पत्र क्रमांक 1495 दिनांक 20.04.2026 के द्वारा उक्त खनन परियोजना की पर्यावरणीय स्वीकृति से संबंधित जन सुनवाई दिनांक **12.06.2026 (शुक्रवार)** को **दोपहर 04:00 बजे**, स्थान– **राजीव गांधी सेवा केन्द्र, मोकलवास, तहसील नीमकाथाना एवं जिला सीकर** में निर्धारित की गई।

स्थान :– **राजीव गांधी सेवा केन्द्र, मोकलवास, तहसील नीमकाथाना एवं जिला सीकर ।**

**दिनांक :– 12.06.2026** **समय :– दोपहर 04:00 बजे (शुक्रवार)**

| क्र. सं. | नाम व पता | हस्ताक्षर |
|---|---|---|
| 1 | भागीरथ राम ADM NKT | [signature] |
| 2 | Savita, RO, RSPCB | Savita |
| 3 | गजानन्द दौराता | गजानन्द |
| 4 | Kushal meena (Patwari) | Kus |
| 5 | Peeyush Gupta / A-2, Shastri Nagar Jaipur | [signature] |
| 6 | Phool chand (VDO) | [signature] |
| 7 | Avinash Meena (L.D.C) | Avinash |
| 8 | Amar Kumar | Amar |
| 9 | Arun Kumar | Arun |
| 10 | Gaurav Soni | Gaurav |
| 11 | Preeti (Fulgro Envt. Engi. Services, FEES) | Preeti |
| 12 | Manindra Gour (Fees) | [signature] |

| | | |
|---|---|---|
| 13 | | [illegible] |
| 14 | | महेन्द्र |
| 15 | | |
| 16 | | |
| | | |
| | | |
| | | |
| | | |
| | | |
| | | |
| | | |
| | | |
| | | |
| | | |
| | | |
| | | |
| | | |
| | | |
| | | |
| | | |

# PROJECT PROPONENT

**Smt. Usha Basna W/o Sh. Ravi Meena**

**"MASONRY STONE MINING PROJECT, PLOT NO- 50"**

**LOCATED N/V: MOKALWAS, TEHSIL: NEEM KA THANA,**

**DISTRICT: SIKAR (PREVIOUSLY: NEEM KA THANA) (RAJ)**

**M.L. AREA: 2.62 Ha. (Govt. Land)**








अनहद मनरेरियो प्राईवेट लिमिटेड 56 3.6425 7,60,000 टी.पी.ए (आर.ओ.एम)
अनहद मनरेरियो प्राईवेट लिमिटेड 57 1.79346 3,00,000 टी.पी.ए (आर.ओ.एम)
58 2.0990 3,50,000 टी.पी.ए (आर.ओ.एम)
क्लस्टर का कुल क्षेत्रफल और उत्पादन 29.29706 47,99,096 टी.पी.ए (आर.ओ.एम)
क्लस्टर पट्टा क्षेत्र 29.29706 हैक्टेयर एवं क्लस्टर परियोजना की कुल उत्पादन क्षमता 47,99,096 (टी.पी.ए) (आर.ओ.एम)
की पर्यावरणीय स्वीकृति प्रदान करने के लिए सामुहिक लोक जनसुनवाई
दिनांक 12/06/2026 शाम 04:00 बजे से, स्थान– राजीव गांधी सेवा केन्द्र, ग्राम मोकलवास,
तहसील– नीमकाथाना एवं जिला– सीकर (राजस्थान) में प्रस्तावित है।
आवेदित खनन पट्टा क्षेत्रफल – 2.6200 हैक्टेयर (सरकारी भूमि)
प्रस्तावित उत्पादन क्षमता 2,56,300 टी.पी.ए (आर.ओ.एम)
ग्राम– मोकलवास, तहसील– नीमकाथाना एवं जिला– सीकर (राजस्थान)
परियोजना प्रस्तावक: श्रीमति उशा वासना पत्नी श्री रवि मीणा
जिला मजिस्ट्रेट




95








चबूतरे, रेलिंग, पट्टियां तथा समाज के गणमान्य नागरिक संख्या में उपस्थिति रहेंगे।





# ती-त्यागीजी
# ंत का लोकार्पण



ती मौजूद रहे।

र्शन में सुप्रसिद्ध
डेय दिल्ली द्वारा ग्रंथ
दन किया गया है।
ी ब्रह्मानंद सरस्वती
कठोर साधना,
अनुभवों एवं
संदेशों का अत्यंत
र्ण वर्णन किया गया
आत्मिक उन्नति की
समारोह के अंत में

सभी उपस्थित जनों ने पुस्तक की प्रतियाँ प्राप्त कर स्वामी जी का आशीर्वाद लिया तथा इस सफल आयोजन के लिए आयोजकों के प्रति हृदय से आभार एवं शुभकामनाएँ व्यक्त की। आश्रम ट्रस्टी नंदलाल सरपंच, महेंद्र स्वामी बिल्यू, शिवभगवान पारीक, सुरेश पांडिया, सुनील गर्ग नोहर, जोगेंद्र सिंह राठौड बिल्यू, सुखवीर चारण, महेंद्र सेन, अशोक स्वामी आदि मौजूद रहे।

ग्राम रथ अभियान ग्राम पंचायत हड़ियाल में जागरूकता का प्रभावी माध्यम बनकर उभरा। ग्राम रथ के जरिए विभिन्न विभागों की योजनाओं की जानकारी गांव के अंतिम छोर तक बैठे व्यक्ति तक पहुंचाई जा रही है। नाट्यय प्रस्तुतियों, गीतों और संवादों के माध्यम से ग्रामीणों को योजनाओं के प्रति जागरूक किया गया, जिससे आमजन में इन योजनाओं के प्रति रुचि और समझ बढ़ी। तारानगर पंचायत समिति की ग्राम पंचायत हड़ियाल पहुंचने पर प्रशासक राकेश शर्मा के नेतृत्व में ग्रामीणों ने पुष्प वर्षा कर ग्राम रथ का भव्य स्वागत किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि झाझड़िया ने कहा कि सरकार की योजनाओं का लाभ

जागरूकता को जीवन में अपनाने का संदेश दिया।


**उत्तर पश्चिम रेलवे**

**ई-निविदा सूचना**

वरि. मंडल बिजली इंजीनियर/टीआरडी, उ.प. रेलवे बीकानेर, भारत के राष्ट्रपति के वास्ते व उनकी ओर से निम्नलिखित कार्य हेतु ई-निविदाएं आमंत्रित करते हैं। 1. सम्पूर्ण जानकारी के लिए वेबसाइट का पता: http://www.ireps.gov.in. 2. ई-निविदाएं बंद होने की तिथि व समय: 29.05.2026 को 15:00 बजे तक, 3. ई-निविदाएं खोलने की तिथि व समय: 29.05.2026 को 15.00 बजे के बाद, **Tender Notice No.: 06-TRD-BKN-ETender-2026-27, Name of work:** TRD modification work in c/w Removal of PSR-34 Nos in Sadulpur-Bikaner section of Bikaner Division., **Approx Cost of the work:** ₹ 6,59,69,613.53, **EMD/SD (Rupees):** ₹ 13,19,400.00

655-DO/26

हमें /NWRailways पर फॉलो करें



## REGIONAL OFFICE
## Rajasthan State Pollution Control Board

Shiv Singhpura Housing Board, Nawalgarh Road, Sikar-332001
Phone: 01572-248009,e-mail : rorpcb.sikar@gmail.com

International Year of Cooperatives 2025

RPCB/ RO Sikar/ SIK-PII-05(VI190-200) Date: 23/04/2026

**पर्यावरणीय स्वीकृति हेतु लोक सुनवाई की आम सूचना**

विषय : मेसर्स श्रीमती उषा बासंना, प्लाट नंबर 50, खसरा नंबर 1137/302, निकट ग्राम मोकलवास, तहसील नीमकाथाना एवं जिला सीकर में प्रस्तावित चेजा पत्थर की खनन परियोजना हेतु पर्यावरणीय स्वीकृति के लिए लोक सुनवाई।

1. सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक मेसर्स श्रीमती उषा बासना द्वारा प्रस्तावित चेजा पत्थर खनन परियोजना जिसका क्षेत्रफल 2.62 हेक्टेयर, उत्पादन क्षमता 255300 टन प्रति वर्ष (रोम) तथा माइनिंग कलस्टर क्षेत्रफल 29.29706 हेक्टेयर, प्लाट नंबर 50,खसरा नंबर 1137/302, निकट ग्राम मोकलवास तहसील नीमकाथाना एवं जिला सीकर में स्थित है, से प्रार्थना पत्र मय दस्तावेज पर्यावरणीय स्वीकृति से पूर्व आवश्यक समूह खनन परियोजना लोक सुनवाई हेतु यह प्रस्ताव राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मण्डल (यहां तथा बाद मण्डल के नाम से अभिलिखित) को प्रस्तुत किया गया है।

2. और चूंकि मैसर्स श्रीमती उषा बासना ने राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मण्डल को उक्त परियोजना की पर्यावरणीय स्वीकृति से पूर्व आवश्यक समूह खनन परियोजना की लोक सुनवाई हेतु मण्डल को आवेदन प्रस्तुत किया है। उक्त परियोजना हेतु ईआईए अधिसूचना, भारत सरकार, नई दिल्ली द्वारा जारी अधिसूचना संख्या एस.ओ. 1533 दिनांक 14.09.2006 एवं संशोधित 141 दिनांक 15.01.2016 के प्रावधानों के अनुसार जन सुनवाई हेतु इस आशय की सूचना जारी कर 30 दिवस का नोटिस दिया जाना आवश्यक है।

3. उक्त परियोजना से संबंधित संक्षिप्त अभिलेख (कार्यकारी सारांश) एवं संक्षिप्त कार्यपालक सार अभिलेख निम्न कार्यालयों में अवलोकनार्थ उपलब्ध हैं

1. जिला कलेक्टर, सीकर 2. अतिरिक्त जिला कलेक्टर, नीमकाथाना, जिला सीकर 3. राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मण्डल, क्षेत्रीय कार्यालय, 4, संस्थागत क्षेत्र, झालाना डूंगरी, जयपुर 4. क्षेत्रीय कार्यालय, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, भारत सरकार, सी-218, अरण्य भवन, झालाना संस्थागत क्षेत्र, जयपुर 5. जिला उद्योग केंद्र, सीकर 6. उपखण्ड अधिकारी, नीमकाथाना, जिला सीकर 7. ग्राम पंचायत, गोविंदवास, तहसील नीमकाथाना एवं जिला सीकर 8. प्रधान ग्राम पंचायत, ग्राम गोविंदवास, तहसील नीमकाथाना एवं जिला सीकर 9. निदेशक, पर्यावरण विभाग, कक्ष संख्या 8240 तृतीय तल, उ-प (एलएसएस) भवन, सचिवालय, जयपुर10. क्षेत्रीय अधिकारी, राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मण्डल, सीकर जिला सीकर

अतः सर्वसाधारण को कार्यालय जिला कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट, सीकर के पत्र क्रमांक 1495 दिनांक 20.04.2026 के अनुसार इस आशय से सूचित किया जाता है कि उक्त समूह खनन परियोजना की पर्यावरणीय स्वीकृति से संबंधित लोक सुनवाई हेतु दिनांक 12.06.2026 (शुक्रवार) को शाम 04:00 बजे स्थान: राजीव गांधी सेवा केंद्र, ग्राम मोकलवास, तहसील नीमकाथाना एवं जिला सीकर में उपस्थित होकर अपने लिखित/मौखिक आपत्तियां/सुझाव प्रस्तुत कर सकते हैं।

साथ ही उक्त समय में लिखित सुझाव/आपत्ति इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से 30 दिवस के अंदर क्षेत्रीय अधिकारी, राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मण्डल, सीकर जिला सीकर के पास भी भेज सकते हैं। यह सूचना वैश्विक महामारी कोविड-19 से संबंधित केंद्रशराज्य सरकार द्वारा समय-समय पर पारित निर्देशों के अनुरूप एवं अधीन रहेगी तथा सभी प्रावधानोंध्सावधानियों की पालना सुनिश्चित करनी होगी।

(हस्ताक्षर) क्षेत्रीय अधिकारी, राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मण्डल सीकर (राजस्थान)


# की

के श्रीमती शंकुतला
विद्यालय सिद्धमुख,
ामिक विद्यालय राघा
गर्ल्स पीजी कॉलेज
ले की अनेक शिक्षण
ोली प्रतियोगिताएं


## कार्यालय नगरपरिषद चूरू (राजस्थान)

क्रमांकःन.प./चूरू/मू.उ.प.शाखा/2026-27/

**सार्वजनिक विज्ञिप्त (आपत्ति आमन्त्रण पत्र)**

दिनांक :

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि संबंधित आवेदक द्वारा निम्नांकित विवरण-पत्र में अपने नाम के सम्मुख अंकित कार्य की स्वीकृति हेतु इस कार्यालय को अपना आवेदन प्रस्तुत किया गया है, अतः इस संबंध में किसी व्यक्ति/संस्था/ हितधारक को कोई आपत्ति हो तो उक्त सार्वजनिक विज्ञिप्त के प्रकाशन की तिथि से 15 दिवस के भीतर उपर्युक्त साक्ष्य सहित अपनी लिखित आपत्ति निम्न अधोहस्ताक्षर कर्ता के समक्ष प्रस्तत कर सकते है। वाद मियाद गुजरने पर प्राप्त आपतियों पर कोई विचार नहीं किया जावेगा तथा नियमानुसार प्रकरण का निस्तारण संबंधित आवेदक के पक्ष में कर दिया जावेगा

| क्र. सं. | नाम आवेदक/आवेदिका | आवेदित भूमि की अवस्थिति | भूखण्ड का क्षेत्रफल | उत्तर | दक्षिण | पूर्व | पश्चिम | मास्टर/जोनल प्लान में भू-उपयोग | अपेक्षित स्वीकृति |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | श्री नवरतन शर्मा पुत्र स्वर्गीय मुरलीधर शर्मा, वार्ड नं. 28 जिला पुस्तकालय के पीछे, चूरू | वार्ड नं. 30 जिला पुस्तकालय के सामने, चूरू | 417.62 वर्गमीटर | भूखण्ड गुलाबचंद आदि शर्मा वर्तमान रामगोपाल शर्मा | भूखण्ड श्री रंगलाल श्रीकृष्ण चौधरी | आम रास्ता 60 फीट चौड़ा | भूखण्ड श्रीमती सावित्री देवी सोनी वर्तमान | वाणिज्यिक | आवासीय से वाणिज्यिक |

...e **Public in General** and in particular to the Borrower(s) and Guarantor(s) that the below listed immovable ...") mortgaged / charged to the Secured Creditor, the Possession of which has been taken by the **Authorised** ...**e Finance Co. Ltd.** (hereinafter referred to as SMHFC) (**"Secured Creditor"**), will be sold on **"As is where** ...**hatever there is"** on the date and time mentioned herein below, for recovery of the dues mentioned herein ...nd other expenses thereon till date of realization, due to **SMHFC** Secured Creditor from the Borrower(s) and ...ein below.

| ...ower(s) ...LAN | Description of the Properties | Reserve Price : / Earnest Money Deposit : | Date & Time of E-Auction | Date of EMD Submission |
|---|---|---|---|---|
| ...1381530 ...rdwaj, ...) ...ardwaj, | Plot No.-30, Bharat Vihar-A, Jamdoli, Agra Road, Jaipur, Raj.-302031. Admeasuring Area:- 266.66 Sq. Yds. Four Boundaries:- **North:** Plot No.-31, **South:** Plot No.-29, **East:** Plot No.- 35, **West:** Road 30ft. | Rs. 65,00,000/- / Rs. 6,50,000/- | 25.05.2026 at 11.00 AM to 01.00 PM | 23.05.2026 |

...ns of the sale are as below and the details are also provided in our/secured creditor's website at the ...ss **(https://BidDeal.in and https://www.grihashakti.com/pdf/E-Auctionpdf The Intending Bidders ... Ahamed Khan, on his Mob. No. 8005968270, E-mail : Javed Khan10@grihashakti.com, Alok ...799490529, E-mail : Alok.Singh@grihashakti.com, and Mr. Niloy Dey,** on his **Mob. 8655619157, ...shakti.com**

**Sd/-**
**Authorized Officer,**
**SMFG INDIA HOME FINANCE CO. LTD.**

**MITED**
... floor, Ansal
...nbai-400098.

...efaulters and ...by the Board ...r have been ... notice and ...

...tions.

... **Rajasthan,**

## क्षेत्रीय कार्यालय राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मण्डल, भीलवाड़ा

**18-19 पन्नाधाय सर्किल, आजाद नगर, भीलवाड़ा**
**Email:-rorpcb.bhilwara@gmail.com www.environment.rajasthan.gov.in**

International Year of Cooperatives

क्रमांक-जन सुनवाई/2026/भीलवाड़ा/क्षे.का./रा.प्र.नि.म/321/157 to 170 दिनांक : 21/04/2026

### पर्यावरणीय स्वीकृति हेतु लोक सुनवाई के लिये आम सूचना

1. सर्व साधारण को सूचित किया जाता है 2. 1. मैसर्स श्री शिवराज धाकड़ पुत्र श्री नाना लाल धाकड़, द्वारा क्यू. एल. न. 07, क्षेत्रफल-1. 4561 हेक्टेयर, सैंड स्टोन उत्पादन- 132948 टन प्रति वर्ष (आर.ओ.एम.) (क्लस्टर क्षेत्रफल 24.6367 हेक्टेयर सहायक खनिज अभियन्ता बिजोलिया के प्रमाण पत्र राजकाज रेफ न. 17009666 के अनुसार), निकट ग्राम तिलस्वा, तहसील- बिजौलिया, जिला- भीलवाड़ा एण्ड अन्य को-अप्लिकेंटस, 2. मैसर्स श्री कन्हैया लाल धाकड़ पुत्र श्री भवानी लाल धाकड़ द्वारा क्यू. एल. न.- 06, क्षेत्रफल-1.4047 हेक्टेयर, सैंड स्टोन उत्पादन- 132300 टन प्रति वर्ष (आर.ओ.एम.) (क्लस्टर क्षेत्रफल 24.6367 हेक्टेयर सहायक खनिज अभियन्ता बिजोलिया के प्रमाण पत्र राजकाज रेफ न. 17009666 के अनुसार), निकट ग्राम तिलस्वा, तहसील-बिजौलिया, जिला- भीलवाड़ा, 3. मैसर्स जोगनिया मिनरल्स, द्वारा ब्लॉक. न.-01, क्षेत्रफल 1.4376 हेक्टेयर, सैंड स्टोन उत्पादन-59487 टन प्रति वर्ष (आर.ओ.एम.) (क्लस्टर क्षेत्रफल 24.6367 हेक्टेयर सहायक खनिज अभियन्ता बिजोलिया के प्रमाण पत्र राजकाज रेफ न.- 17009666 के अनुसार), निकट ग्राम-महपुरा, तहसील- बिजौलिया, जिला- भीलवाड़ा, 4. मैसर्स मानसी इंटरप्राइजेज, द्वारा ब्लॉक. न. 04, क्षेत्रफल 1.0 हेक्टेयर, सैंड स्टोन उत्पादन- 105748 टन प्रति वर्ष (आर. ओ.एम.) (क्लस्टर क्षेत्रफल 24.6367 हेक्टेयर सहायक खनिज अभियन्ता बिजोलिया के प्रमाण पत्र राजकाज रेफ न.-17009666 के अनुसार), निकट ग्राम-महुपुरा, तहसील- बिजौलिया, जिला- भीलवाड़ा, 5. मैसर्स रासलीला इंटरप्राइजेज, द्वारा क्यू. एल. न. 08, क्षेत्रफल 1. 04 हेक्टेयर, सैंड स्टोन उत्पादन-94382.2 टन प्रति वर्ष (आर.ओ.एम.) (क्लस्टर क्षेत्रफल 24.6367 हेक्टेयर सहायक खनिज अभियन्ता बिजोलिया के प्रमाण पत्र राजकाज रेफ न.-17009666 के अनुसार), निकट ग्राम-तिलस्वा, तहसील- बिजौलिया, जिला- भीलवाड़ा, में सैंड स्टोन के उत्पादन हेतु प्रार्थना पत्र से सम्बंधित प्रस्तावित परियोजना बाबत पर्यावरणीय स्वीकृति हेतु आवेदन स्टेट इनवायरमेन्ट इम्पेक्ट एसेसमेन्ट ऑथोरिटी, पर्यावरण विभाग, राजस्थान सरकार, जयपुर के समक्ष प्रस्तुत किया गया है। 3. और चूंकि कि है 1. मैसर्स श्री शिवराज धाकड़ पुत्र श्री नाना लाल धाकड़ एण्ड अन्य को अप्लिकेंट, 2. सैसर्स श्री कन्हैया लाल धाकड़ पुत्र श्री भवानी लाल धाकड़, 3. मैसर्स जोगनिया मिनरल्स, 4. मैसर्स मानसी इंटरप्राइजेज, 5. मैसर्स रासलीला इंटरप्राइजेज, द्वारा उक्त क्लस्टर परियोजना के लिये पर्यावरणीय स्वीकृति के संबंध में पर्यावरणीय जनसुनवाई हेतु आवेदन मय दस्तावेजों के राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मण्डल (यहाँ तथा बाद में मण्डल के नाम से अभिलिखित) के समक्ष प्रस्तुत किया गया है। 4. और चूंकि मण्डल को उक्त परियोजना हेतु वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, नई दिल्ली द्वारा जारी अधिसूचना संख्या एस.ओ. 1533 दिनांक 14.09.2006 के अनुसरण में जनसुनवाई हेतु इस आशय की सूचना जारी कर 30 दिवस का नोटिस दिया जाना अनिवार्य है। 5. उक्त परियोजना से संबंधित पर्यावरणीय प्रभाव आंकलन रिपोर्ट एवं संक्षिप्त कार्यपालक सार अभिलेख निम्न कार्यालयों में अवलोकनार्थ उपलब्ध हैं:- 1. कार्यालय जिला कलक्टर, भीलवाड़ा 2. कार्यालय जिला परिषद, भीलवाड़ा 3. राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मण्डल, 4-पर्यावरण मार्ग, संस्थानिक क्षेत्र झालाना डूंगरी जयपुर 4. पर्यावरण विभाग, शासन सचिवालय, राजस्थान सरकार, जयपुर 5. कार्यालय जिला उद्योग केंद्र, भीलवाड़ा 6. कार्यालय खान एवं भू विज्ञान विभाग, भीलवाड़ा 7. क्षेत्रीय कार्यालय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, A-209 एवं 218, अरण्य भवन, महात्मा गांधी मार्ग, झालाना इंस्टीट्यूशनल क्षेत्र, जयपुर 8. क्षेत्रीय कार्यालय, राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मण्डल, भीलवाड़ा 9. ग्राम पंचायत कार्यालय तिलस्वा, तहसील- बिजौलिया, जिला- भीलवाड़ा, अतः सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आप उक्त परियोजना की पर्यावरणीय स्वीकृति से सम्बधित जन सुनवाई हेतु दिनांक 09.06.2026- ग्राम पंचायत कार्यालय तिलस्वा, तहसील- बिजौलिया, जिला- भीलवाड़ा में 11.00 बजे उपस्थित होकर अपने लिखित एवं मौखिक सुझाव/आक्षेप प्रस्तुत कर सकते हैं। इस सम्बंध में लिखित सुझाव/आक्षेप इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से 30 दिवस के अन्दर क्षेत्रीय कार्यालय राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मण्डल, भीलवाडा में भी प्रस्तुत कर सकते हैं। **क्षेत्रीय अधिकारी रा.प्र.नि.मं, भीलवाड़ा**

## REGIONAL OFFICE
## Rajasthan State Pollution Control Board

Shiv Singhpura Housing Board, Nawalgarh Road, Sikar-332001
Phone: 01572-248009,e-mail : rorpcb.sikar@gmail.com

International Year of Cooperatives

RPCB/ RO Sikar/ SIK-PII-05(VI190-200) Date: 23/04/2026

### पर्यावरणीय स्वीकृति हेतु लोक सुनवाई की आम सूचना

